This question paper contains 8+2 printed pages]

*आपका अनुक्रमांक*......................

**7046**

**B.A. (Hons.)/B.Sc. (Hons.) Math.** **E**

Discipline Centred/Credit Course

HINDI LITERATURE

समय : 2 घण्टे पूर्णांक : 50

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

**नोट** : प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक 'स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग' के बी. ए. (आनॅर्स) में प्रवेश प्राप्त छात्रों के लिए मान्य हैं । नियमित विद्यार्थियों के लिए इन अंकों का समानुपातिक पुनर्निर्धारण परीक्षाफल तैयार करते समय किया जायेगा ।

**सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. (क) रीतिकाल की प्रमुख प्रवृत्तियाँ लिखिए । 4

**अथवा**

आदिकाल के नामकरण पर विचार कीजिए ।

(ख) आधुनिक बोध **अथवा** मध्यकालीन बोध का तात्पर्य स्पष्ट कीजिये । 3

(ग) हिंदी में नवजागरण की अवधारणा पर प्रकाश डालिये। 3

**अथवा**

भारतेन्दुयुगीन नाटकों पर नवजागरण के प्रभाव का आकलन कीजिए ।

2. (क) 'मधुशाला' कविता का प्रतिपाद्य लिखिए । 7

**अथवा**

'जनतंत्र का जन्म' कविता का भाव स्पष्ट कीजिए ।

(ख) किन्हीं **दो** पद्यांशों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4+4

(1) "यह सुख कैसा शासन का ?

शासन रे मानव मन का !

गिरि-भार बना-सा तिनका,

यह घटाटोप दो दिन का

फिर रवि-शशि-किरणों का प्रसंग ।''

(*i*) प्रस्तुत पंक्तियों के लेखक का नाम और शीर्षक लिखिए ।

(*ii*) 'यह घटाटोप दो दिन का' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(*iii*) 'गिरि-भार' शब्द का अर्थ लिखिए ।

(2) ''कलम मेरा नहीं लगता

मेरा जीवन आप जगता

तू है नकली मैं हूँ मौलिक

तू है बकरा, मैं हूँ कौलिक

तू रँगा और मैं धुला

पानी मैं, तू बुलबुला ।''

(i) प्रस्तुत पंक्तियों के रचनाकार का नाम और शीर्षक लिखिए ।

(ii) 'मेरा जीवन आप जगता' पंक्ति का अभिप्राय समझाइए ।

(iii) 'तू है नकली मैं हूँ मौलिक' कवि ने ऐसा क्यों कहा है ?

(3) 'आज यह दीवार, परदों की तरह हिलने लगी,
शर्त लेकिन थी कि ये बुनियाद हिलनी चाहिए।
हर सड़क पर, हल गली में, हर नगर, हर गाँव में,
हाथ लहराते हुए हर लाश चलनी चाहिए ।''

(i) प्रस्तुत पंक्तियों के रचनाकार का नाम और शीर्षक लिखिए ।

(ii) उपर्युक्त पंक्तियों में किस भाव की अभिव्यक्ति की गई है ?

(iii) 'बुनियाद' शब्द का अर्थ लिखिए ।

3. (क) 'उसने कहा था' कहानी का प्रतिपाद्य लिखिए । 7

**अथवा**

'पुरानी कहानी : नया पाठ' में चित्रित भ्रष्टाचार की समस्या का निरूपण कीजिए ।

(ख) किन्हीं **दो** गद्यांशों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4+4

(1) केवल उसके स्वभाव में अभिमान की मात्रा इतनी थी कि वह दोष की सीमा तक पहुँच जाती थी । अच्छे कपड़े पहनना उसे अच्छा लगता था और यह शौक ग्राहकों के कपड़ों से पूरा हो जाता था । गहने भी उसकी माँ ने कम नहीं छोड़े थे । विवाह-सम्बन्ध उसके जन्म से पहले

ही निश्चित हो गया था । पाँचवें वर्ष में ब्याह भी हो गया, पर गौने से पहले वर की मृत्यु ने उस सम्बन्ध को तोड़कर, जोड़नेवालों का प्रयत्न निष्फल कर दिया । ऐसी परिस्थिति में, जिस प्रकार उच्च वर्ग की स्त्री का गृहस्थी बसा लेना कलंक है, उसी प्रकार नीच वर्ग की स्त्री का अकेला रहना सामाजिक अपराध है ।

(i) प्रस्तुत पंक्तियों के रचनाकार का नाम और रचना का शीर्षक लिखिए ।

(ii) बिबिया को किस बात का शौक था ?

(iii) प्रस्तुत पंक्तियों में पात्र की किस चारित्रिक विशेषता को स्पष्ट किया गया है ?

(2) दुकान के जरा जमते ही कुर्बान भाई ने अखबार खरीदना और पत्रिकाएँ मँगाना शुरू कर दिया । ठीया हो गया, पहनने को दो जोड़ी कपड़े हो गए, रोटेशन चल गया, गिराकी जग गई तो आगे ख्वाहिश कौन-सी थी ? बच्चे कोई जिए नहीं थे, शौक-मौज, सैर-सपाटा भूल ही चुके थे, मियाँ-बीबी दो जनों के लिए अल्ला का दिया बहुत था, पत्रिकाएँ क्यों न मँगाते ? और उस समय कोई पत्रिका आती तो बुकपोस्ट हो या वी.पी., उसे लेने कुर्बान भाई खुद पोस्ट ऑफिस पहुँच जाते ।

(*i*) प्रस्तुत पंक्तियों के रचनाकार का नाम और शीर्षक लिखिए ।

(*ii*) कुर्बान भाई कौन थे ?

(*iii*) उपर्युक्त पंक्तियों में कुर्बान भाई के किस शौक की चर्चा की गयी है ?

P.T.O.

(3) सोचा, यही पंखा खरीद लूँ । स्त्री को उतारकर घर पहुँचा दूँ और कहूँ, 'बहनजी, इस तरह पंखे पर नहीं बैठा करते । पंखे तो बिक ही जाएँगे । तुम उनके लिए जान जोखिम में क्यों डालती हो ?

मैंने बहुत पंखे देखे । किसी के सामने कोई पुरुष बैठा हुआ हवा नहीं ले रहा है । कोई पुरुष इसलिए क्यों खरीद ले कि उससे सुंदर स्त्री की साड़ी उड़ रही है ? अगर उसका पुरुष पर कोई असर न हो तो ? धोखा हो जाएगा ।

(*i*) प्रस्तुत पंक्तियों के रचनाकार का नाम और रचना का शीर्षक लिखिए ।

(*ii*) प्रस्तुत पंक्तियों में निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिये ।

(*iii*) 'जान जोखिम में डालना' मुहावरे का अर्थ लिखिए ।

4. (क) किसी **एक** उपन्यास से **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5

(*i*) गुलनार का भारत आने का क्या कारण था ?

(*ii*) बेबी और डी.डी. की मुलाकात कहाँ और कैसे हुई ?

(*iii*) डी.डी. का पूरा नाम और उसके चरित्र की **दो** विशेषताएँ लिखिए ।

**अथवा**

(*i*) खन्ना मास्टर का स्वभाव कैसा था ?

(*ii*) रुप्पन बाबू कौनसी कक्षा का विद्यार्थी था ?

(*iii*) उपन्यास में चुनाव की कितनी पद्धतियों के बारे में बताया गया है ?

(ख) किसी **एक** नाटक से **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5

(*i*) माधवी कितने राजाओं के दरबार में रही ?

(*ii*) गालंव आत्महत्या क्यों करना चाहता था ?

(*iii*) माधवी ने अंत में अनुष्ठान क्यों नहीं किया ?

**अथवा**

(*i*) रामचन्दर ने किस पर गोली चलाई ?

(*ii*) रामचन्दर अच्छा खिलाड़ी किसकी वजह से नहीं बन पाया ?

(*iii*) 'कोर्ट मार्शल' का प्रमुख पात्र कौन है ? और क्यों ?